

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### बांकी नदी पर पुल व पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ की स्वीकृति



**जशपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से जशपुर से गम्हरिया मार्ग पर बाकी नदी उच्च स्तरीय पूल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 59 लाख 93 हजार रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सड़कों का विस्तार, पुल पुलिया का निर्माण, अधोसंरचना के कार्य स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार निरंतर किया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के साथ आवागमन में सुविधा हो इसके लिए जर्जर सड़कों को सुधारा जा रहा है और पूलिया का निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है।

### जिले में 1 जून से अब तक 2217.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 5517.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 22 जुलाई तक की स्थिति में 3873.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 56.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 583.1 मिमी, मनोरा में 707.3 मिमी, कुनकुरी में 768.4 मिमी, दुलदुला में 363.1 मिमी, फरसाबहार में 454.8 मिमी, बगीचा में 581.9 मिमी, कांसाबेल में 548.1 मिमी, पत्थलगांव में 445.9 मिमी, सन्ना में 664.6 मिमी एवं बागबहार में 400.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि में प्रभावित हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम बछरांव निवासी स्व. मतियस लकड़ा का नाला डेम के पानी में डूबने से 2 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी जुलेता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार तहसील के ग्राम हाथीबेड़ निवासी सुबल सिदार का कुंआ के पानी में डुबने से 26 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी रमीला बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या ने की पूजा-अर्चना

# 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन शुरु





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास पर श्रीफलेश्वर महादेव मंदिर बगिया में 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष पूजन अनुष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के रूप में 22 से प्रारंभ होकर 24 जुलाई तक चलेगा।

कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस विशेष आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने भी सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधिवत रूद्राभिषेक, शिवलिंग पूजन एवं महाआरती में भाग लिया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन को शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न कराने हेतु ओडिशा से आए प्रतिष्ठित पंडितों की टीम द्वारा विधिविधान से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन संपन्न कराया जा रहा है। इस अनुष्ठान के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है।विशेष आकर्षण के रूप में श्रीधाम गहिरा की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री द्वारा तीन दिवसीय शिव महापुराण कथा का भावपूर्ण वाचन किया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। उन्होंने प्रथम दिवस की कथा में शिव महिमा, पार्वती विवाह एवं रुद्रावतार की अद्भुत गाथाएं सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट एवं भक्ति ध्वनि से सुसज्जित किया गया है।

**कल होगा समापन**


इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का 24 जुलाई को समापन होगा, जिसमें महापूजन, भंडारा एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती आयोजित की जाएगी।



## औषधी विभाग ने दुकानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खाद्य एवं औषधी प्रशासन जशपुर के द्वारा रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत विशेष जांच अभियान के अंतर्गत खाद्य पदार्थों की जांच किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस 21 जुलाई को कुनकुरी विकाखण्ड के मधुबन स्वीट्स से खोया मावा का नमूना छत्तीसगढ़ राज्य शासन, खाद्य एवं औषधी प्रशासन, नियंत्रक के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के अंतर्गत लिया गया।



■ प्रतिष्ठान को साफ-सफाई रखने और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

यह कार्रवाई आगामी रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा की निगरानी के उद्देश्य से की गई है। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान को स्वच्छता बनाए रखने एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार राम एवं रोशन वर्मा की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। इसी प्रकार राज्य शासन एवं नियंत्रक, खाद्य के निर्देशानुसार बाजार में बिक रही नकली प्रसाधन सामग्रियों पर लगाम लगाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 के अनुसार बिना अनुज्ञप्ति के प्रसाधन सामग्री के संधारण पर नियमानुसार कार्रवाई करने थोक और फुटकर औषधी विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान पत्थलगांव में स्थित सिंघल ब्रदर्श के यहां से काजमेटिक्स का 2 नमुना संग्रहण किया गया। इसी तरह मा ट्रेडर्स, अकाशगंगा स्टोर, माधव जनरल स्टोर में काजमेटिक्स के क्रय-विक्रय का सघन जांच किया गया और विकास मेडिकल स्टोर, गोयल मेडिक स्टोर पत्थलगांव एवं अग्रवाल मेडिकल एजेंसी लुडेग थोक विक्रेताओं का नारकोटिक्स दवाईयॉ एवं गर्भपात फुटकर दुकानों पर जांच की कार्यवाही की गई।

निरीक्षण में जिले के औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते और मनीष कंवर उपस्थित थे।

## गजरथ ने 29 स्कूलों में पहुंचकर 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों को हाथी की गतिविधियों की दी जानकारी

**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल के गजरथ ने अब तक फरसाबहार विकासखण्ड क्षेत्र के 29 स्कूलों में पहुंचकर लगभग 4059 छात्र-छात्राओं को हाथी के व्यवहार एवं गतिविधियों की जानकारी दी है। विभाग के अनुसार गजरथ यात्रा निरंतर जारी है, 21 जुलाई को गज रथ फरसाबहार विकासखण्ड के स्कूलों में पहुंचकर 6वीं से 12वीं के छात्रों को जागरूक किया है। विदित हो कि 21 जून 2025 को जशपुर वनमण्डल के गज रथ यात्रा 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है। गज रथ यात्रा हाथी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर दौरा कर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि के संबंध में विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राअें को जानकारी देकर जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है।



**जनपद सदस्य ने जाना हालचाल, क्षेत्र में तड़ित चालक लगाने की मांग**

## हर्राडीपा में आकाशीय बिजली की चपेट में आई महिला, सन्ना सीएचसी में भर्ती

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम हर्राडीपा में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला झुलस गई। पीड़िता देवंती बाई, पति गुलाब सोनवानी उम्र 24 वर्ष, जाति घांसी, अपने घर में बैठी थीं जब बिजली गिरने से निकट प्रभाव के कारण उन्हें झटका लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ीं।

परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम सरपंच से संपर्क किया,



जिन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपनी निजी गाड़ी से महिला को तत्काल सन्ना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के ⏭ शेष पेज 4 पर

**ग्रामीणों में भय, प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग**

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे सन्ना ब्लॉक सहित आसपास के संवेदनशील गांवों में आकाशीय बिजली से बचाव के लिए वज्रपात चेतावनी प्रणाली और तड़ित चालक लगाए जाएं। साथ ही, ग्रामीणों को आपदा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर चलाने की भी मांग उठी है।

# कांग्रेस ने किया दो घंटे चक्काजाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस ने आज पूरे प्रदेश में नाकेबंदी एवं चक्काजाम दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच में किया। ईडी के द्वेषपूर्ण कार्रवाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिले में जिला स्तरीय चक्का जाम का कार्यक्रम हुआ।

वहीं कांसाबेल में जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया था जहां जिले के कोने कोने से कांग्रेसी पहुंचकर सरकार पर जमकर बरसे। मुख्य बात यह रही कि कांसाबेल मुख्य चौक एनएच 43 जाम रखा जहां चारो रोड 2 घण्टा तक जाम रहा 2 बजे बाद कांग्रेसी चक्का जाम खोले तब जाकर सड़क में आवागमन सुचारू रूप से ठीक हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी भानुप्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज सागर यादव, पूर्व विधायक विनय भगत, पूर्व विधायक यूडी मिंज, प्रदेश महासचिव आरती सिंह, नगरपंचायत अध्यक्ष कुनकुरी विनयशील, जिला कोशा ध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, महेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस रवि शर्मा, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रतना पैंकरा, हंसराज अग्रवाल, कुलविंदर भाटिया, परमेश्वर यादव, सुमित शर्मा, मार्शल एक्का, परमेश्वर भगत, सहस्त्रांशु पाठक, मनमोहन भगत, हरगोविंद अग्रवाल, अरविंद साय, बुधराम वनवासी, पूनमचंद पैंकरा, एस इलियास, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अजित साय, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलवंत सिंह भाटिया, नासिर अली, अंजना मिंज, अनिल किस्पोट्टा, जगन्नाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर किया आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
चित्र व सांकेतिक
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________











## स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु चलाएं विशेष अभियान

# राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राजस्व विभाग की समीक्षा हेतु मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

■ राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन



बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। निर्धारित समय सीमा से बाहर प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने आधार एवं मोबाइल नम्बर अद्यतनीकरण, किसान किताब प्रविष्टि की स्थिति, अविवादित नामांतरण, नक्शा अद्यतनीकरण, फौती नामांतरण, अविवादित नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, ई नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्ती के मामलों पर विस्तृत चर्चा की। सभी कार्यों को समयानुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु धरती आबा योजनांन्तर्गत संचालित शिविरों के माध्यम से ऐसे गांवों में विशेष अभियान संचालित कर शत प्रतिशत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजनांन्तर्गत किए गए कार्यों की सामीक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमि आबंटन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी पर त्वरित कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। भारतमाला परियोजना परियोजना के तहत भूअर्जन के मामलों एवं मुआवजा के ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 27 जुलाई की सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश हेतु अपने साथ फोटो युक्त मूल पहचान पत्र अवश्य लाना होगा। परीक्षा हेतु निर्धारित समय सुबह 10 बजे से आधा घंटा पूर्व सुबह 9.30 बजे परीक्षा केन्द्रों की मुख्य द्वार बंद कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश लेने कहा गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह का कमीज पहन कर ही आना होगा तथा जूता पहनकर परीक्षा में उपस्थिति प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी चप्पल पहनकर आए, कान में ईयर रिंग की अनुमति नहीं है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा व परीक्षा समाप्त होने के आधा घंटा पूर्व बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर उसका पालन करने कहा गया है।

### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने किया एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल



**कुसमी।** जिला मुख्यालय बुधवारी बाजार में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कर्मचारी द्वारा जिला स्तरीय सांकेतिक धरना का प्रदर्शन किया गया। एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन 2 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंप कर दो मांगे रखी गई है ,जिसमें नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतन निर्धारण तथा शिक्षा विभाग में संविलियन एवं नियमितीकरण करने की मांग की गई है।एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक शकुंतला ने तेंदूपत्ता संग्राहक महिला सदस्यों को बांटे चरण पादुका



**प्रतापपुर।** प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित घुई, रेवटी, गोविंदपुर द्वारा आयोजित वन धन भवन केंद्र घुई में जनकल्याणकारी चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक महिला सदस्यों को चरण पादुका वितरित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते, सुमित्रा सिंह, सुखमनिया आयाम, संजय मरावी, चंद्रिका प्रसाद यादव, संकलेश पटेल, नितेश पटेल, केदारनाथ, रामसिंह, राजकुमार, मंजू देवी, प्रेमावती पटेल, धनसाय मरावी, हेम कल्याण सिंह, शिवकुमार, सुरेश यादव, अतुल, इंद्र देव प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिधि के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### महूली बस स्टैंड चौक से डंपर की बैटरी ले उड़े चोर

**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नली ले रहा हैं। बीती रात चोरों ने ग्राम पंचायत महूली बस स्टैंड चौक पर खड़े डंपर से दो नग बैटरी को पार कर दिया। सुबह वाहन स्वामी को चोरी की जानकारी मिली तो उसने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बिहारपुर क्षेत्र में कबाड़ का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कबाड़ के कारोबारियों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। चोरी की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। बीते दिन महुली से बकरा चोरी होने के मामले में पीड़ित ने नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज करायी थी लेकिन अभी तक मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। क्षेत्र के ग्राम चोंगा महूली सहित आसपास के गांवों में कभी मोटर पंप तो कभी सोलर कंट्रोलर एवं पैनल, बकरी इमरती लकड़ी की चोरी की धटनाएं लगातार हो रही हैं। बीते वर्ष मां गढ़वतिया देवी धाम में लाखों की घंटी चोरी का मामला अब तक नहीं सुलझ पाया है।

## शंकर घाट बांक नदी से जल लेकर शुरू की 60 किमी कठिन यात्रा

# हरहर महादेव और बोलबम के जयकारों के साथ कैलाश गुफा के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना



कैलाश गुफा जाते कांवरिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बतौली में किए रात्रि विश्राम, आज करेंगे जलाभिषेक

सावन के दूसरे सोमवार को कांवरियों की टोली कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने शंकर घाट स्थित बांक नदी से जल उठाकर हर-हर महादेव व बोलबम के जयकारे के साथ 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा शुरू की। कांवरियों की इस यात्रा के लिए कांवरियां सेवा समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। साथ ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनका जगह जगह स्वागत किया गया और उनके जलपान की व्यवस्था की गई। देर शाम तक कांवरिए अपने पहले पड़ाव बतौली तक पहुंच गए थे।

सावन माह के शुरू होते ही शिव भक्तों का बैजनाथ धाम, कैलाश गुफा, शिवपुर धाम सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कांवरियों की टोली का रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया है जिससे सावन के महीने में पूरा सरगुजा भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। सावन के दूसरे सोमवार को एक साथ संभाग भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। कैलाश गुफा रवाना होने के लिए रविवार की शाम से ही सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर जिले से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शहर में पहुंचने लगे थे। शहर में खरीददारी करने और अपनी यात्रा की तैयारी करने के पश्चात देर रात से ही शंकरघाट स्थित बांक नदी के किनारे एकत्रित होने लगे थे। रात लगभग 2 बजे बांक नदी में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की और बांक नदी से ही जल उठाकर 60 किलो मीटर की कठिन यात्रा शुरू की। कांवरियों की टीली शंकरघाट से रामानुजगंज चौक, स्कूल रोड़, महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, रायगढ़ रोड होते हुए कैलाश गुफा के लिए अपनी यात्रा शुरू की। कांवरियों द्वारा बांक नदी शंकर घाट से जल उठाकर कैलाश गुफा जाने का सिलसिल दोपहर तक जा रहा जिससे कैलाश गुफा की यात्रा के दौरान शहर बोलबम और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। शाम तक सभी कांवरिए अपने पहले पड़ाव बतौली पहुंच चुके थे। इस दौरान कांवर यात्रा को लेकर शहर के चौक चौराह सहित कैलाश गुफा मार्ग के रास्ते में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था जबकि मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### स्वास्थ्य कैंप में कावड़ यात्रियों की गई सेवा



शहर के शंकर घाट बांक नदी से आज हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ। 60 किमी की कठिन यात्रा पर निकले कांवरियों की सेवा के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं आदि बाबा के मार्गदर्शन में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व नगर निगम पार्षद शुभम जायसवाल के पहल पर कावड़ यात्रा में निकले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कैंप में जितने भी कावड़ यात्रियों को जो-जो दिक्कत आ रही थी उन सभी की दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही कंपाउंडर के माध्यम से उपचार कर सेवा की गई। इस दौरान चंद्र प्रकाश सिंह, अमित सिंह, राहुल सोनी, अनिकेत गुप्ता, अंकुर साहू, समीर गुप्ता, रवि अनुग्रह, मनीष साहू, आयुष, वंश आर्यन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छता का संदेश देते झाड़ू लगाते निकले कांवरिया



बोलबम के जयकारों के साथ आज हजारों की संख्या में कांवरिया शंकर घाट से जल लेकर कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। इस बार कांवरियों में स्वच्छता व सेवा के प्रति समर्पण देखा गया। हजारों श्रद्धालु कांवर में जल लेकर जा रहे थे, लेकिन एक ऐसा जत्था दिखा जो रास्ते में पूरी सड़क पर झाड़ू लगाकर सड़क को साफ करते चल रहा था। इतनी अधिक भीड़ रास्ते से गुजरने के बाद मार्ग का गंदा होना स्वाभाविक है। जगह-जगह भंडारे के कारण दोना पत्तल भी मार्ग में आ जाते हैं। स्वच्छता की सेवा देने वाले कांवरिया मार्ग को साफ करते कैलाश गुफा जाते नजर आए।



### जगह जगह हुआ स्वागत

कैलाश गुफा के लिए रवाना होने वाले कांवरियों का जगह जगह स्वागत किया गया। कांवरिया सेवा समिति के साथ ही विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा कांवरियों के लिए रास्ते में जलपान की व्यवस्था की गई थी। स्कूल रोड गौरी मंदिर के समीप,थाना चौक, सदर रोड, खरसिया रोड, काली मंदिर के समीप कांवरियों के लिए खास व्यवस्था देखने को मिली। इसके अलावा एनएच 43 पर जगह जगह स्वागत किया गया। यहां कांवरिए भोले बाबा के भक्ति गीतों की धुन पर जमकर नाचते गाते नजर आए।

### बतौली में जगराता का कार्यक्रम

पैदल कैलाश गुफा की यात्रा करने वाले कांवरिए देर शाम तक बतौली पहुंच गए थे। कांवरियों के लिए समितियों द्वारा बस स्टैंड, मंगल भवन, अग्रसेन भवन में रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान कांवरियों की सेवा करने के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ी। कांवरियों के मनोरंजन के लिए जगराता कार्यक्रम किया गया जिसमें कलाकारो ने प्रस्तुति दी। मंगलवार की सुबह कांवरिए पुनः अपनी यात्रा शुरू करेंगे और कैलाश गुफा पहुंचकर विश्राम करेंगे। ज्यादातर कांवरिया रात को ही कैलाश गुफा पहुंचकर कतार में लग जाते है और सुबह होते ही जलाभिषेक करते है।

### जर्जर सड़क ने बढ़ाई परेशानी

आज शंकर घाट बांक नदी से हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा के दौरान कांवरियों को शहर के भारत माता चौक से लेकर लुचकी घाट के जर्जर सड़क व गड्ढे से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा मुख्य मार्ग से लगभग कैलाश गुफा तक की लगभग 4 किलोमीटर जर्जर व पत्थरीले मार्ग से कई कांवरियों के पैरों में छाले पड़ गए।

### अर्धनारेश्वर शिवलिंग का दूसरे सोमवार भी महारुद्राभिषेक



**बिश्रामपुर।** ग्राम देवटिकरा स्थित देवगढ़ धाम में समाजसेवी बिश्रामपुर निवासी सुभाष गोयल व अंबिकापुर निवासी विजय गोयल ने सपरिवार आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि-खुशहाली की कामना की।धार्मिक आयोजन पंडित चंद्रेश महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सपत्नीक सुभाष गोयल एवं विजय गोयल ने देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग का गन्ना रस,दूध,गंगाजल एवं पंचामृत से महारुद्राभिषेक किया,साथ ही सवा पांच करोड़ शमीपत्र, बिल्वपत्र, पुष्प, अखंड अक्षत, जौ, काली तिल, काली मिर्च व अन्य पूजन सामग्री से सहस्त्रार्चन किया,धार्मिक आयोजन पश्चात गोयल परिवार द्वारा बाबा को महा-भोग लगाकर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने भोग ग्रहण किया।श्री गोयल ने शिव भक्तों से आह्वान किया है कि 22 जुलाई मंगलवार को प्रतिवर्ष की भांति सूरजपुर से निकलने वाली कावड़ यात्रा में अधिकाधिक भक्त शामिल हों।आयोजन को सफल बनाने में गोयल परिवार के सदस्यों सहित देवटिकरा के जनपद सदस्य विजय यादव, नान्हू राम अग्रवाल, मोहन गोयल, सीए दिनेश अग्रवाल, रमेन्द्र सिंह, मौनी बाबा,पार्षद प्रशांत साहू, श्रीराम पांडेय,लखनपुर से सुनील अग्रवाल,सुरेश पांडेय, धीरज पांडेय, महेंद्र रजक सहित अन्य भक्त सक्रिय रहे।

### शिव भक्तों ने गलफुल्ला नदी से जल लेकर राजा तालाब शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**कुसमी।** जशपुर रोड गलफुल्ला नदी से बड़ी संख्या में कांवरियों की टोली ने जल लेकर लगभग 2 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर राजा तालाब तहसील पारा शिव शंकर मंदिर में जलाभिषेक किया। इस वर्ष यहां प्रथम कावड़ यात्रा की शुरुआत शिव भक्तों द्वारा करते हुए बोलबम के नारा लगाते एवं भजन कीर्तन हुए शिव शंकर मंदिर में पहुंचे जहां पूजा अर्चना पश्चात जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा में महिला एवं पुरुष कांवरियों की संख्या अधिक थी। उम्मीद है, अगले वर्ष इस वर्ष से भी ज्यादा संख्या में कावड़ यात्रा में भक्त सम्मिलित होकर जलाभिषेक करेंगे।



### सूने मकान से नकदी समेत सामानों की चोरी, जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामेश्वरपुर में दिन दहाड़े किसान के सुने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत सामान पार कर दिए हैं।गौरतलब है कि ग्राम रामेश्वरपुर निवासी प्रार्थी 55 वर्षीय रामचरण एक्का पिता स्व. सोमरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जुलाई की सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच वे अपनी पत्नी और नाती के साथ अपने खेत में रोपा लगाने गए हुए थे, इस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था,प्रार्थी किसान का बेटा गिरजा एक्का और बहू इलाज कराने सरगवा अंबिकापुर गए हुए थे,इसके बाद करीब 11 बजे बहू घर लौटी, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और सिकड़ी टूटी हुई है।जब वह अंदर गई, तो घर का सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था।बहू ने तत्काल अपने ससुर रामचरण को खबर दी,घर लौटने पर प्रार्थी ने देखा कि अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 40 हजार रुपए नकद समेत कांस की थाली,लोटा,कटोरी सहित कुल 57 सौ रुपए घरेलू बर्तन चोरी कर ले गए हैं।लटोरी पुलिस ने प्रार्थी रामचरण एक्का की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को टाई-बेल्ट कॉपी-पेन का वितरण कर कराया न्यौता भोज




हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिटकाहीपारा कोट संकुल केन्द्र के शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों को टाई, बेल्ट,कॉपी,पेन वितरण कर न्योता भोज कराया।

नवीन शिक्षा सत्र के अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच जगनारायण सिंह,धर्मसाय सिंह, संजु गुप्ता ,धनी राम सिंह, रोशन गुप्ता, शिव मनोहर ,बसंत प्रजापति के बीच संपन्न हुआ। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक व मिष्ठान खिलाकर किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक फूलसिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से निश्चित ही बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। मुख्य अतिथि जगनारायण सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अनुशासन में रहने, गंभीरता पूर्वक शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चांसी प्रसाद कुशवाहा व आभार सुरेन्द्र राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कमल किशोर पाण्डेय, व्याख्याता चांसी प्रसाद कुशवाहा, श्रीमती सरिता राजवाड़े, प्रधान पाठक बाबुलाल साहू, जशलाल सोनवानी, फूलसिंह, निर्मल प्रसाद, नागेन्द्र यादव, श्रीमती शकुंतला राजवाड़े, श्रीमती उर्मिला रवि, रोहित साहू, राधेश्याम साहू, अनिल कुमार साहू, केशरी राजवाड़े, देवचंद सिंह, लक्ष्मी ठाकुर, खेलसाय सिंह सहित बच्चे उपस्थित रहे।

### गोवर्धनपुर विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पोड़ीमोड़।** शासकीय उमावि गोवर्धनपुर में शाला प्रवेश उत्सव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा के मुख्य अतिथि में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा के बदौलत ही हमारी संपूर्ण विकास संभव है इसलिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मन लगाकर अध्यापन कार्य संपन्न करें। इस दौरान सुमित्रा सिंह, प्राचार्य दीपक गुप्ता, प्रदीप पटेल, अंशुमान पटेल, अवधेश गुप्ता, उदय नारायण मरावी, अरुण पटेल, अनुज कुमार, राहुल पांडे, पवन साहु, अरुण कुमार, दीक्षा पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व ग्रामीण उपस्थित रहे।



### पण्डोनगर स्थित सड़क में मिट्टी धंसने से चावल लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बिश्रामपुर।** ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।दुर्घटना में चालक को अंदरूनी चोट आई है।गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर करीब सवा एक बजे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1303 का चालक बिश्रामपुर निवासी सुदामा सिंह ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट कमलपुर की तरफ जा रहा था।तभी एनएच 43 किनारे पण्डोनगर की बदहाल सिंगल सड़क पर मार्ग के एक ओर अन्य ट्रकों के खड़े रहने की वजह से मिट्टी धंसने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया।गौरतलब है कि एनएच 43 से ग्राम पण्डोनगर जाने वाले मार्ग की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है।सड़क पर बड़े गड्ढे होने व भारी भरकम वाहनों के आवागमन की वजह से आए दिन स्थानीय ग्रामीण भी छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार होते रहते हैं।बावजूद इसके राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की उक्त गंभीर समस्या की तरफ आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने ध्यान देना उचित नहीं समझा है।ऐसे में स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है,उक्त दुर्घटनाग्रस्त ट्रक पंकज सिंह की बताई जा रही है।



■ रैक पॉइंट कमलपुर में चावल खाली करने जा रहा था ट्रक

### जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में मंत्री राजवाड़े ने किया आम के पौधे का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में वनपरिक्षेत्र अंतर्गत गायत्री रोपणी नमदगिरी के समीप जिला स्तरीय वन महोत्सव एवं एक पेंड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनमण्डलाधिकारी पंकज कमल द्वारा स्वागत उद्बोधन में जानकारी दी गई कि सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वर्षा ऋतु में वनमण्डल अंतर्गत विभागीय, कैम्पा, ग्रीन इंडिया मिशन, ग्रीन क्रेडिट योजना के तहत 7.00 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत हितग्राहियों के निजी भूमि पर 2.50 लाख क्लोनल नीलगिरी पौधों का रोपण किया जाएगा, साथ ही मनरेगा योजना के तहत तैयार किए गए पौधों का निःशुल्क वितरण ग्रामीणों को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला यूनियन अंतर्गत वर्ष 2024-25 तेंदूपत्ता सीजन के दौरान कुल 30 समितियों के 61413 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को छ.ग. शासन के योजना अनुसार चरण पादुका का वितरण किया जा रहा है।


इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहक महिलाओं के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इस योजना की शुरूआत की गई थी, ताकि उन्हे तेन्दूपत्ता संग्रहण के दौरान कंकड़, पत्थर, कांटे उनके पैरों में न चुभें और वे सरलता व सहजता से अधिक से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण कर सकें। विगत पांच वर्षों से तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरण पादूका वितरण का बंद था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पुनः योजना शुरू की। उनके द्वारा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेंड़ लगाने की बात कही गई, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान किया जा सकें। मत्री श्रीमती राजवाड़े ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम के पौधे का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम चल रहा है प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए साथ ही यह संकल्प लेना चाहिए कि जब तक यह पेड़ पौधे बड़े नहीं होते, हम उनकी देखभाल भी करें। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, पूर्व गृह मंत्री व वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिक, जनप्रतिनिधि,अधिकारी व लोगों द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर 1500 पौधों का वितरण किया गया और स्कूलों में 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा, श्रीमती रेखा राजलाल राजवाडे, श्रीमती स्वाति सिंह, मनमत कुमार बछाड, शैलेष कुमार अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू, आशुतोष भगत व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सावन उत्सव सहित विविध कार्यक्रम के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित टाउन हॉल में केशरवानी वैश्य सभा द्वारा सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव कार्यक्रम का बृहद आयोजन समाज के संरक्षक गौरी शंकर केसरी, रामेश्वर केसरी, हरिद्वार केसरी, दिलीप केसरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश केशरी एवं सचिव सत्य प्रकाश केशरी ने कहा कि नगर में आयोजित समाज के कार्यक्रम में इतनी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं निश्चित रूप से ऐसे आयोजन से समाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष धर्म प्रकाश केशरी एवं सचिव नयन केसरी ने कहां कि समाज के सभी लोगों के सहभागिता से आयोजन संपन्न हो रहा है। केसरवानी महिला सभा के अध्यक्ष शोभा गुप्ता एवं सचिव प्रियंका केसरी ने कहा कि समाज के आयोजन में इतनी संख्या में महिलाओं का आना निश्चित रूप से महिलाओं के जागरूकता का परिचायक है।



# सलाकार में दिखेगी देशभक्ति और जासूसी से भरपूर कहानी

**मुंबई।** अगस्त के महीने में हर बार देशभक्ति से भरपूर फिल्में और वेब सीरीज भारी मात्रा में रिलीज होती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इसी क्रम में अब एक और प्रोजेक्ट सलाकार 8 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी। जिसमें जासूसी से भरी कहानी दिखाई जाएगी। कहानी भारत-पाकिस्तान आधारित होगी। जहां पाकिस्तान को रोकने के लिए भारत एक होशियार अधिकारी को वहां भेजती है। जो स्पाई भी है और अधिकारी भी है। वीडियो में उसे तुरुप का इक्का बताते हुए उसकी खूबियां गिनाई जाती हैं। जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर भी है। वो पाकिस्तान में छिपकर रहता है। सलाकार की कहानी कहीं न कहीं राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल पर आधारित है।

## लाइफ Style



# आलिया

## एशियन प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई डिफिकल्ट डॉटर्स

आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डिफिकल्ट डॉटर्स' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ)' के लिए चुनी गई है। डेडलाइन के मुताबिक यह फिल्म उन 30 फिल्मों में से एक है जो एशियन प्रोजेक्ट मार्केट (एपीएम) के लिए चुनी गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म का निर्देशन आलिया की मां सोनी राजदान ने किया है। इसकी निर्माता आलिया भट्ट, उनकी बहन शाहीन भट्ट और एलन एमसीएलेक्स हैं। डिफिकल्ट डॉटर्स एशिया भर से चुनिंदा फिल्मों में से एक है, जिसे एपीएम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रोग्राम में फिल्म निर्माता अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और सह-निर्माताओं से जुड़ेंगे। इस सूची में एक और प्रोजेक्ट 'द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स' है। इसका निर्देशन कुंजिला ने किया है और इसका निर्माण अभिनेत्री कनी कुसरुति और पायल कपाड़िया ने किया है। कुसरुति पिछले साल बीआईएफएफ के न्यू करंट्स सेक्शन की जूरी सदस्य थीं। बीआईएफएफ में फिल्म मून को भी चुना गया है। इसके निर्देशक प्रदीप कुर्बाह हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार वासन बाला की फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म में अभिनय भी किया और इसकी निर्माता भी थीं। फिल्म की कहानी एक बहन के अपने भाई को जेल से छुड़ाने के मिशन पर आधारित है। वह अगली बार यशराज फिल्म्स की जासूसी फिल्म 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 'लव एंड वॉर' में भी काम कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बजट से दोगुनी हो गई कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन ने रिलीज के साथ ही पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। जेम्स गन ने फिल्म को कुछ इस नए अंदाज में पेश किया है कि ये हर किसी की दिल जीत रही है। अगर सुपरमैन के बजट की बात करें तो यह लगभग 1940 करोड़ रुपए है। इस भारी-भरकम बजट के साथ बनी यह सुपरहीरो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 3510 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।



# टॉम ट्रूप ने थिएटर में भी कमाया नाम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम ट्रूप का निधन हो गया है। उन्होंने छह दशकों तक मंच और पर्दे (फिल्म और टीवी) पर अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। वह 97 वर्ष के थे। टॉम ट्रूप ने ब्रॉडवे प्रोडक्शन्स में अच्छा काम किया है। उन्होंने 75 से अधिक टीवी शोज में जबरदस्त किरदार निभाए हैं। स्टार ट्रेक, मिशनः इम्पॉसिबल, फ्रेजियर और चीयर्स जैसी मशहूर सीरीज में उन्होंने शानदार काम किया है। उनके प्रदर्शन ने उन्हें हर पीढ़ी के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1957 में उन्होंने ब्रॉडवे नाटक द डायरी ऑफ ऐन फ्रैंक से अभिनय में डेब्यू किया। 1958 में वे लॉस एंजिल्स चले गए। इसके बाद से उनका हॉलीवुड सफर शुरू हुआ।



# वीर के साथ रिलेशनशिप किया कनफर्म...

**मुंबई।** तारा सुतारिया एक बार फिर अपने रिलेशनशिप स्टेटेस को लेकर सुर्खियों में हैं। तारा और वीर पहाड़िया के बीच की नजदीकियां एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई हैं। अब वीर का एक कमेंट दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों को हवा दे रहा है। दरअसल, एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया। तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए माइन लिखा। दोनों के बीच इस बातचीत को देखकर फैंस को ये समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि दोनों शायद अपने रिलेशनशिप की तरफ इशारा कर रहे हैं। कई लोगों ने तो ये भी कहा कि अब फाइनली दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट कर लिया है।



# धड़क-2 का गाना तेरे संग लागी जो... रिलीज

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क 2' का एक और गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने को लेकर करण जौहर ने भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'धड़क 2' का गाना 'प्रीत रे' सोमवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। 'प्रीत रे' गाने का संगीत रोचक कोहली ने दिया है। इस गाने को दर्शन रावल, जोनिता गांधी और रोचक कोहली ने अपनी आवाज से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक कंपोजर रोचक कोहली हैं। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'धड़क 2' के गाने 'प्रीत रे' की रिलीज को लेकर गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेशमी से धागे हैं, सांसें दौड़ें भागें हैं, तेरे संग लागी जो प्रीत रे।

## टीवी मसाला



# आदित्य श्रीवास्तव को सीआईडी के अभिजीत बनकर मिली अलग पहचान

**नई दिल्ली।** आदित्य श्रीवास्तव ने हमेशा से अभिनय की दुनिया में कदम रखने की ठानी थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन के दौरान थिएटर करने लगे। आगे चलकर दिल्ली आए और यहां भी थिएटर में सक्रिय हुए। आदित्य को बॉलीवुड में पहला मौका शेखर कपूर ने अपनी फिल्म बैंडिट क्वीन में दिया था। इसके बाद वह कई फिल्मों और टीवी सीरियल में दिखे। मगर टीवी पर पहचान आदित्य को शो सीआईडी के जरिए मिली। 20 साल तक वह इस शो का हिस्सा रहे। छह साल के गैप के बाद सीआईडी फिर शुरू हुआ, इसमें भी आदित्य नजर आ रहे हैं। मगर इस किरदार के अलावा उन्होंने कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार भी किए हैं। रामगोपल वर्मा निर्देशित फिल्म सत्या (1998) के अधिकतर किरदार दर्शकों को आज भी याद हैं। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी, सौरभ शुक्ला, परेश रावल, उर्मिला मातोंडकर जैसे उम्दा कलाकारों के साथ अपनी अदाकारी दिखाने का मौका आदित्य श्रीवास्तव को भी मिला। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर खांदीलकर का किरदार निभाया था। शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से(1998)' में मनीषा कोइराला ने एक आतंकवादी का रोल किया। फिल्म में एक आतंकी का रोल आदित्य श्रीवास्तव ने भी किया था। यह ऐसा किरदार था, जो अपने मकसद से पीछे हटने को राजी नहीं होता है। इस फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। 2004 में ऋतिक रोशन की फिल्म 'लक्ष्य' में आदित्य श्रीवास्तव ने एक अहम किरदार निभाया। वह लेफ्टिनेट कर्नल प्रदीप के रोल में नजर आए। एक फौजी के साहस को, शौर्य को यह किरदार बखूबी दिखाता है।

## 29 को रिलीज होगा नागिन 7 का पहला टीजर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-निर्देशक एकता कपूर इन दिनों अपने टीवी सीयियल नागिन के सीजन सात को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। नागिन 7 के आने का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



एकता सीरियल नागिन के अभी तक छह सीजन की कहानी को रोमांचक तरीके से पर्दे पर पेश करती आई हैं। अब वह जल्द ही 'नागिन 7' लेकर आने वाली हैं। नागिन के दीवानों, तैयार हो जाइए! नागिन सीजन 7 का रोमांचक टीजर इस नाग पंचमी, 29 जुलाई को रिलीज होगा। नागिन के अभी तक छह सीजन दर्शकों को मनोरंजन कर चुके हैं। वहीं अब फैंस को नागिन सीजन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है। नागिन 7 में ईशा मालवीय और विवियन डीसेना मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। एकता के सीरिल नागिन में कई चेहरों को पहचान दिलाई है। इस लिस्ट में तेजस्वी प्रकाश से लेकर मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, अदा खान, निया शर्मा, और सुरभि चंदना जैसी अभिनेत्रियां शामिल हैं।

# हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देंगी ये सीरीज एक में कोर्टरूम बना कॉमेडी का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वो 5 वेब सीरीज जिनमें कॉमेडी का भरपूर तड़का है। जिन्हें देखने के बाद आपका दिन बहुत ही खास और शानदार बन जाएगा। इनमें से एक सीरीज में तो कोर्टरूम ही कॉमेडी का अखाड़ा बन गया था। इनमें पहली है रवि किशन, नैला ग्रेवाल, निधि बिष्ट और अनंत जोशी जैसे शानदार कलाकारों जैसी सीरीज मामला लीगल है। इस कोर्टरूम ड्रामा सीरीज को राहुल पांडे ने डायरेक्ट किया है। ये सीरीज पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के वकीलों की रोजाना जिंदगी को दिखाती है। इस सीरीज के हर एपिसोड में कानून के नाम पर कुछ ऐसा दिखाया गया है जिसे देख आप अपना पेट पकड़ के हंसने लगेंगे।

***दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी :*** ये एक मजेदार और दिल को छूने वाली टीनएज कॉमेडी है, जिसमें पांच दोस्त, एरिन, ओरला, क्लेयर, मिशेल और जेम्स की कहानी दिखाई गई है। ये सब 1990 के दशक के उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं, जब वहां राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल चल रही थी, जिसे 'मुसीबतें' कहा जाता है। ये सभी दोस्त एक




कैथोलिक लड़कियों के स्कूल में पढ़ते हैं इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे ये पांचों स्कूल की लाइफ, दोस्ती, प्यार और अपने आस-पास की मुश्किलों के बीच मजेदार और अजीब हालातों में फंसते रहते हैं। इसका हर एपिसोड भी दिल छू लेने वाला है।

***मिडिल क्लास आदमी की कहानी:*** मानव कौल की वेब सीरीज त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर एक सिद्धांतों पर चलने वाले मिडिल क्लास आदमी की कहानी है। सीरीज की शुरुआत त्रिभुवन मिश्रा (मानव कौल) के सफर से होती है, जो एक सरकारी दफ्तर में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। इस वेब सीरीज की कहानी त्रिभुवन के दोहरे जीवन और आपराधिक अंडरवर्ल्ड के माध्यम से उसकी यात्रा पर आधारित है, ये सीरीज कई मजेदार कॉमेडी के साथ आगे बढ़ती है।

***डार्क कॉमेडी जीत लेगी दिल :*** डेरी गर्ल्सः एक डार्क कॉमेडी सीरीज है। यानी इसमें गहरे और गंभीर मुद्दों को भी मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। इस सीरीज की कहानी शुरू होती है जेन से, जो अपने पति की एक कार एक्सीडेंट में मौत के बाद बहुत गुस्से और दुख में डूबी हुई है। ये सीरीज के लिए भी आप वक्त निकालेंगे तो ये सीरीज आपको दिन बना देगी।

***जबरदस्त डायलॉग्स और हास्य से भरपूर पल :*** अरेस्टेड डेवलेप्मेंट ये एक बेहद तारीफ पाने वाली कॉमेडी सीरीज है, जो ब्लूथ परिवार की कहानी दिखाती है। ये एक अमीर और बिगड़ा हुआ परिवार है, जिसकी जिंदगी तब उलट-पुलट हो जाती है जब परिवार के मुखिया जॉर्ज ब्लुथ सीनियर को अपनी रियल एस्टेट कंपनी में धोखाधड़ी करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# *कोरियन फिल्म की कॉपी है सैयारा, सब कुछ है सेम!*

*मुंबई। फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल करके दिखाया है जो बॉलीवुड की किसी फिल्म ने बीते कई सालों से नहीं किया। दो डेब्यू एक्टर्स की फिल्म सुपरहिट हो गई है और इसका जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बेहिसाब लोग फिल्म देखने थिएटर्स में पहुंच रहे हैं और मूवी देखने के बाद आंसू बनकर उनकी आंखों से छलकते इमोशन्स के क्लिप भी इंटरनेट पर आ रहे हैं। लेकिन, अब इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का दावा है कि यह फिल्म असल में एक कोरियन फिल्म की कॉपी है। लोगों का कहना है कि सैयारा और साल 2004 में आई कोरियन फिल्म अ मोमेंट टु रिमेंबर की कहानी का प्लॉट काफी हद तक एक जैसा है। फिल्म के डायरेक्टर मोहित सूरी ने अभी तक इस बारे में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर एक शख्स ने लिखा- सैयारा एक कोरियरन फिल्म की कॉपी है। मोहित सूरी विरले ही कभी कोई ऑरिजनल फिल्म बनाते हैं। वहीं ,दूसरे ने लिखा- दोनों फिल्मों में ज्यादातर चीजें एक जैसी हैं। दोनों फिल्मों की कहानी और एंडिंग भी सेम है। फिल्म के बारे में एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया- मोहित सूरी और उनका साउथ कोरियन फिल्मों को लेकर प्यार। एक विलेन भी आई सॉ द डेविल से प्रेरित होकर बनाई थी। कोरियन फिल्म 'अ मोमेंट टु रिमेंबर' की करें तो जॉन एच ली के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी और उसे बेहिसाब प्यार मिला था। यह फिल्म आपको नेटफ्लिक्स पर देखने मिल जाएगी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 रही थी और इसे अलग-अलग देशों की जनता ने सराहा था।*



## इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय थे शिवाजी गणेशन

# 7 साल की उम्र में शुरू किया थिएटर, पहली ही फिल्म में निकालना चाहते थे मेकर्स

*मुंबई। महज सात साल की उम्र में स्टेज पर पहुंचना और थिएटर करना, वो भी घरवालों की मर्जी के खिलाफ। उसके बाद फिल्मों में एंट्री और देखते-देखते ही 250 से अधिक फिल्में और भारतीय सिनेमा की पहचान बन जाना। ये कोई फिल्मी कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा के दिग्गज और तमिल सिनेमा के सुपरस्टार शिवाजी गणेशन की असल जिंदगी का फलसफा है।*

### पूरी दुनिया में थी लोकप्रियता

1 अक्टूबर 1928 को मद्रास (अब चेन्नई) के विल्लुपुरम में गणेशमूर्ति के नाम से जन्में शिवाजी गणेशन की गिनती तमिल सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता और निर्माता के तौर पर होती है। शिवाजी गणेशन की लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में थी। उन्हें विदेशों में भी काफी सम्मान दिया जाता था। उनकी लोकप्रियता का आलम ये था कि लोग उन्हें सिर्फ लीड एक्टर के तौर पर ही देखना चाहते थे। 21 जुलाई 2001 को दुनिया को अलविदा कहने वाले शिवाजी गणेशन की सोमवार को 24वीं पुण्यतिथि थी।

### भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी डांस सीखे

शिवाजी गणेशन को बचपन से ही ड्रामा करने का शौक था। इसीलिए उन्होंने सिर्फ सात साल की उम्र में ही अपना घर छोड़कर थिएटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया। इसके बाद दस साल की उम्र में वह तिरुचिरापल्ली चले गए और संगिलियंदपुरम में एक थिएटर ग्रुप में शामिल हो गए और स्टेज पर नाटक करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ डांस भी सीखा। उन्होंने भरतनाट्यम, कथक और मणिपुरी जैसे अलग-अलग डांस सीखे। शिवाजी गणेशन कई वर्षों तक थिएटर से जुड़े रहे।

### करुणानिधि ने लिखी थी स्क्रिप्ट

कृष्णा-पंजू की जोड़ी द्वारा निर्देशित पराशक्ति के डिस्ट्रीब्यूटर पीए पेरुमल मुदलियार थे। पीए पेरुमल मुदलियार शिवाजी गणेशन की थिएटर के दिनों में निभाई गई नूर जहां की भूमिका से काफी प्रभावित हुए थे। इसके बाद उन्होंने गणेशन को फिल्म का ऑडिशन देने के लिए फ्लाइट के टिकट भेजकर मद्रास बुलाया। हालांकि, पराशक्ति की शुरुआत गणेशन के लिए अच्छी नहीं रही। जब शूटिंग शुरू हुई और फिल्म के काफी हिस्से की शूटिंग हो चुकी थी, तो मेकर्स गणेशन के दुबले-पतले शरीर से नाखुश थे और उनकी जगह के.आर. रामासामी को लेना चाहते थे। लेकिन, पेरुमल ने इनकार कर दिया। यही नहीं, गणेशन के कई सीन भी पसंद नहीं थे, जिन्हें दोबारा से फिल्माया गया। ऐसा बताया जाता है कि पराशक्ति के लिए शिवाजी गणेशन को 250 रुपए की महीने भर की सैलरी मिली थी।



### 1952 में पराशक्ति से किया फिल्मी दुनिया में डेब्यू

कई साल तक थिएटर करने के बाद साल 1952 में शिवाजी गणेशन की पहली फिल्म परमशक्ति रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई थिएटर्स में 175 दिनों से भी ज्यादा दिन तक चली।

### दीं कई यादगार फिल्में

इसके बाद शिवाजी गणेशन ने एक के बाद एक कई यादगार और सुपरहिट फिल्में दीं। जिनमें वीरपांडिया कट्टाबोमन, 'पसमलर, उथमा पुथिरन, पालुम पजहमम, इरुम्बु थिराई, पडिक्कधा मेधाई, पावा मन्निप्पु, पडिथल मट्टम पोधुमा, आलयामणि, इरुवर उल्लम, अन्नाई इल्लम, आनंदवन कट्टलाई, कप्पलोटिया थमिजान, काई कोडुथा धीवम, पुथिया परवई और उनकी 100वीं फिल्म नवरात्रि शामिल हैं। शिवाजी ने अपने कॅरियर में फैमिली ड्रामा से लेकर रोमांटिक, कॉमेडी और क्राइम-थ्रिलर जैसी हर तरह की भूमिकाएं निभाईं और सबमें सफलता हासिल की।

### गणेशमूर्ति बने शिवाजी गणेशन

साल 1945 में उन्होंने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के जीवन पर बना एक नाटक 'शिवाजी कांडा हिंदू राज्यम'किया। इसमें उन्होंने शिवाजी की भूमिका निभाई। शिवाजी के किरदार में गणेशन की इतनी तारीफ हुई कि बाद में उन्होंने अपना नाम ही 'शिवाजी गणेशन'कर लिया। शिवाजी गणेशन को 1960 में आई उनकी फिल्म वीरपांडिया कट्टाबोमन के लिए काहिरा इजिप्ट में आयोजित एफ्रो-एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। इंटरनेशनल फिल्म अवॉड्र्स में अवॉर्ड जीतने वाले शिवाजी गणेशन पहले भारतीय थे। यह फिल्म आज भी तमिल सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल है।

## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का विरोध

**रायगढ़।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार बिजली बिलों में बढ़ोतरी की जा रही हैं। उक्त मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा समुचे प्रदेश के बिजली ऑफिस का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ व खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी को कम किये जाने एवं खरसिया क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किये जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया विदित हो कि आज मदनपुर कांग्रेस कार्यालय से खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर ग्रामीण द्वारा रैली निकालकर खरसिया बिजली आफिस पहुंचकर भाजपा सरकार मुर्दाबादए बिजली बिलों में बढ़ोतरी का निर्णय वापस लो, अघोषित बिजली कटौती बंद करो, उमेश पटेल ज़िंदाबाद के नारे लगाते हुए बिजली आफिस पहुंचकर विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री. नायक के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन दिया गया उक्त अवसर पर खरसिया युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने झंडा लेकर नारे लगाते हुए माहौल बनाए रखा। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों की तादात में खरसिया के कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

### कोटपा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



**सारंगढ़।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर डॉ संजय कनोंजे के निर्देश और सीएमएचओ डॉ एफआर निराला के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से पुलिस बल का सहयोग किया गया। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालितपान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्यवाही किया गया। कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर भी जुर्माना किया गया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हर्राडीपा में आकाशीय...

बाद उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद सदस्य अस्पताल पहुंचे और पीड़ित महिला व परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से महिला के इलाज की पूरी जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राकेश गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि पूरे क्षेत्र में तड़ित चालक लगाए जाएं, ताकि ग्रामीण इलाकों में इस तरह की घटनाओं से जनहानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि हमें प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सुरक्षा उपायों को गंभीरता से लेना होगा।

### राजस्व न्यायालयों में ...

प्रकरणों हेतु विशेष शिविरों द्वारा प्रकरणों के त्वरित निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों हेतु भूअर्जन और मुआवजा वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी का निराकरण जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने भूअर्जन प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत तुरंत भू नक्शा ऑनलाइन अपडेट करवाने को कहा। कलेक्टर ने सभी पात्र हितग्राहियों को 3 माह का राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए सभी एसडीएमओं को 31 जुलाई तक इसे पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व न्यायालयों के नोटिस की तामीली के संबंध में स्थिति की प्रकरणवार जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को समय पर तामीली सुनिश्चित कराने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, नंद जी पांडेय, ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, प्रशांत कुशवाहा सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम अकेले 50 करोड़ का देनदार, निजी उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

# सरकारी संस्थानों की बिजली चोरी 114 करोड़ से अधिक का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बिजली बिल की वसूली को लेकर बिजली विभाग निजी उपभोक्ताओं पर सख्ती से अभियान चला रहा है, लेकिन यही सख्ती सरकारी संस्थानों पर दिखाई नहीं देती। जिले में करीब 200 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से 114 करोड़ रुपए केवल सरकारी कार्यालयों और संस्थानों पर बकाया हैं।

इस सूची में सबसे ज्यादा देनदारी नगर निगम रायगढ़ की है, जिस पर करीब 50 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। वाटर सप्लाई पंप, स्ट्रीट लाइट, कार्यालय भवन सहित सभी यूनिटों का भुगतान लंबे समय से नहीं हुआ है। इसके अलावा भी जिले के लगभग सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों ने बिजली बिल चुकाना बंद कर दिया है। बकाया सूची में बैडमिंटन कोर्ट स्टेडियम पर 28 लाख रुपए बकाया है। इसी तरह जिला अस्पताल में विभिन्न मीटरों के तहत करीब 40 लाख से अधिक का बिल भुगतान नहीं हुआ है। सृजन सभाकक्ष, उर्दना पुलिस लाइन, अटल विहार कॉलोनी, कोतरा रोड, तहसील कार्यालय, बीईओ कार्यालय, केलो परियोजना, कृषि उप संचालक, आजा कल्याण छात्रावास जैसे संस्थानों पर लाखों रुपए का भुगतान लंबित है।



### निजी उपभोक्ताओं पर ढाते हैं सितम

ऐसी स्थिति तब है जब विभाग निजी उपभोक्ताओं के मामूली बिल बकाया पर कनेक्शन काट देता है या दंडात्मक कार्रवाई करता है। पूरा अमला वसूली में लग जाता है, लेकिन जिन सरकारी भवनों में लाखों का बिल बकाया है, वहां कोई नोटिस, कोई कार्रवाई नहीं की जाती। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी संस्थानों से वसूली को लेकर विद्युत विभाग क्यों उदासीन है। क्या आम जनता के लिए बनाए गए नियम सरकारी कार्यालयों पर लागू नहीं होते। जब तक विभाग इन संस्थानों पर भी समान सख्ती नहीं बरतेगा, तब तक घाटा बढ़ता ही जाएगा।

### बिल समय पर बन रहा, पर भुगतान में लापरवाही

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से नियमित रूप से बिल जेनरेट किया जा रहा है। लेकिन सरकारी संस्थाएं न भुगतान कर रही हैं, न ही विभाग इन पर कोई ठोस कार्रवाई कर पा रहा है। यही वजह है कि कंपनी को राजस्व के रूप में बड़ा घाटा उठाना पड़ रहा है। हालांकि इसमें जिम्मेदार बिजली विभाग को माना जा सकता है, क्योंकि विभाग कभी भी सरकारी महकमों पर कार्रवाई नहीं करता। जिसके चलते सरकारी संस्थान लापरवाह हैं।

## उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को 15 हजार क्षतिपूर्ति देने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ ऑनलाइन मोबाइल ऑर्डर करने पर अमेजन सेलर ने थमाया दूसरा मॉडल

अमेजन सेलर सर्विस से 48 हजार 441 रुपए के दो वनप्लस 10टी मोबाइल मंगवाने पर खरीदार को एक नग वनप्लस 10टी तथा एक नग वनप्लस के अन्य मॉडल की सप्लाई करके सेवा में कमी करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अमेजन सेलर को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए 45 दिवस के भीतर क्रेता के पसंद का मोबाइल सौंपने अथवा उसकी रकम वापस करने का आदेश पारित किया है। निर्णय में आदेश का पालन न करने पर जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है।

दरअसल आवेदक दीपेश मिश्रा निवासी बस डिपो रामभांठा ने अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से 20 नवंबर 2022 को दो नग वनप्लस 10टी मोबाइल फोन 48 हजार 441 में ऑर्डर किया था। आवेदक को उक्त पार्सल 24 नवंबर 2022 को प्राप्त होने पर पार्सल के भीतर एक नग वनप्लस 10टी मोबाइल तथा दूसरा मोबाइल वनप्लस नार्ड जिसका मॉडल नंबर सीई2 लाइट 5जी प्राप्त हुआ, जिसे उसने नहीं मंगवाया था। आवेदक दीपेश मिश्रा द्वारा अनावेदक अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को सूचना दिए जाने पर उसे आश्वस्त किया गया कि दूसरा मोबाइल जल्द भिजवा दिया जाएगा। इसके बाद उसे घुमाया जाने लगा और सेवा में कमी की गई है। आवेदक दीपेश मिश्रा ने अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किए गए छल के संबंध में 4 फरवरी 2023 को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से 16 फरवरी 2023 को कानूनी नोटिस प्रेषित किया। इस मामले में आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय व राजश्री अग्रवाल की ओर से दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए कंपनी को 45 दिन के भीतर मानसिक आर्थिक क्षति के रूप में 10 हजार रुपये, वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपए देने का आदेश दिया है।

## कलेक्टर कन्नौजे ने जिला अस्पताल के वार्डों का किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सोमवार की सुबह जिला अस्पताल सारंगढ़ के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी, आईपीडी, पंजीयन, दवा वितरण, एक्सरे, डायलिसिस, लैब, टीकाकरण, ड्रेसिंग, डेंटल, पोषण पुनर्वास एनआरसी सहित महिला और पुरुष वार्ड आदि शामिल थे। कलेक्टर ने एक्सरे कक्ष में मशीनों के संबंध में रेडियोग्राफर एस क्षेत्र से जानकारी लिए। कलेक्टर ने टीकाकरण में आये गर्भवती महिला के परिजन को समझाया कि जब भी हॉस्पिटल आए यह टीकाकरण का रिकॉर्ड कॉपी जरूर लाएं। डॉ कन्नौजे ने नर्स को समय-समय पर सही टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्क्रीनिंग कक्ष में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी को कहा कि वे जिले के सभी क्षेत्रों का खासकर महानदी किनारे बसे गांव में टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल आदि बीमारियों का स्वास्थ्य चेकअप सर्वे करें और चिन्हांकित मरीजों का समुचित इलाज करें।



### जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ

स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार वृद्धि करते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल सारंगढ़ के इमरजेंसी वार्ड का उद्घाटन किया। इस वार्ड में अब एक्सीडेंटल और इमरजेंसी केस के लिए पृथक से ड्रेसिंग रूम बनाया गया है, जिसमें मरीजों को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में अब्बास अली, घनश्याम बंसल, अविनाश पुरी गोस्वामी, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, बीएमओ डॉ रामलाल सिदार सहित अस्पताल के अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने महिला और पुरुष वार्ड के मरीजों का हाल चाल जाना वहां इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। सहसपुर से आए मरीज का हीमोग्लोबिन कम था, जिसका बेहतर इलाज करने के लिए कलेक्टर ने डॉक्टर को निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने कलेक्टर को बताया कि लैब रूम में 58 प्रकार के टेस्ट किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस सुविधा और 58 प्रकार के लैब टेस्ट के व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीज को वार्ड में और बाहर में गर्मी से परेशानी नहीं हो इसके लिए कुलर लगाने के निर्देश दिए।

## घरेलू कचरे के संग्रहण की आदतों के विकास हेतु करें प्रयास: कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अप्रारम्भ कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने ग्रामीण सचिवालयों की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से सचिवालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही सचिवालयों में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण कराने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैंकों के सहयोग से लोन मेला आयोजित कर मुद्रा ऋण वितरण को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन की स्थिति का जायजा लेते हुए डिजिटल आजीविका रजिस्टर के कार्य को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के द्वारा भुगतान की स्थिति का जायज़ा लेते हुए अधिक से अधिक प्रचार कर लोगों को इसकी जानकारी प्रदान करने एवं भुगतान की संख्या में वृद्धि तथा नियमित संचालन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रिगेशन शेड के निर्माण कार्यों की स्थिति का जायज़ा लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर घरेलू कचरे के डोर टू डोर कलेक्शन को प्रारम्भ कराने के लिए स्वसहायता समूहों की स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशिक्षण देने एवं लोगों में घरेलू कचरे के संग्रहण एवं पृथक्करण की आदतों को विकसित करने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों में समय पर भुगतान एवं सोशल ऑडिट की भी जानकारी ली।धरती आबा योजनान्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में शत प्रतिशत लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के जारी करने की स्थिति एवं दिव्यांग शिविरों के आयोजनों की स्थिति की भी जानकारी ली।



■ ग्रामीण सचिवालयों के नियमित निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए

### संविदा पदों की भर्ती हेतु सूची जारी, दावा आपत्ति 31 तक

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के रिक्त पद विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, लेखा सह एमआईएस सहायक एवं भृत्य के संविदा पदों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईटएवं राज्य कार्यालय अथवा कार्यालय के सूचना पटल में जारी किया गया है। किसी भी अभ्यर्थी को यदि कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 31 जुलाई सायं 5 बजे तक जिला पंचायत जशपुर के एनआरएलएम शाखा में अथवा कार्यालय के मेल आईडी में मेल कर प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जिनकी अंकसूची ग्रेडींग में है उन्हें नियमानुसार प्रतिशत दिया गया है, अभ्यर्थी अपने विद्यालय-महाविद्यालय से पूर्णांक प्राप्तांक एवं प्रतिशत की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमां अथवा दिए गए मेल आई डी में मेल करतें हैं तो उन्हें प्राप्त प्रतिशत दिया जाएगा।

### युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षक के ट्रांसफर का कर रहे विरोध

# कोंहारडीपा प्राथमिक स्कूल में पालकों ने की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खरसिया क्षेत्र में स्थित ग्राम कोंहारडीपा के प्राथमिक स्कूल में सोमवार की सुबह 9 बजे से स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने तालाबंदी कर आंदोलन शुरू कर दिया है। यह आंदोलन युक्तियुक्तकरण नीति के तहत शिक्षक दिनेश राठिया के स्थानांतरण के विरोध में किया जा रहा है।

ग्रामीणों और बच्चों की मांग है कि शिक्षक दिनेश राठिया को स्कूल में यथावत रखा जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े। जानकारी के अनुसार कोंहारडीपा प्राथमिक स्कूल में पहले तीन शिक्षक कार्यरत थे। एक शिक्षक की नशे की आदत के कारण उसे हटाया गया, जिसके बाद स्कूल में दो शिक्षक बचे, लेकिन हाल ही में युक्तियुक्तकरण नीति के तहत शिक्षक दिनेश राठिया का स्थानांतरण कर दिया गया है। अब स्कूल में केवल एक शिक्षक बचे हैं, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि एक शिक्षक के साथ स्कूल का संचालन मुश्किल होगा और इससे बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। अभिभावकों ने इस मुद्दे को लेकर रायगढ़ जिला कलेक्टर और संबंधित शिक्षा विभाग को आवेदन भी दिया था, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नाराज अभिभावकों और बच्चों ने सोमवार को स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया और स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया जाता, यह आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि वो अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। शिक्षक दिनेश राठिया को स्कूल में बनाए रखने की मांग पूरी होनी चाहिए। इस तालाबंदी और आंदोलन से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है और प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।






## रांची से दबोचा गया कियोस्क सेंटर लूटकांड का मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम बटईकेला में पिछले वर्ष नवंबर में हुए बहुचर्चित कियोस्क बैंक लूट और गोलीकांड के मास्टरमाइंड रवि उरांव को जशपुर पुलिस ने आखिरकार रांची से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

■ बटईकेला में वृद्धा की हत्या के बाद से था फरार

पुलिस ने दो बार उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह हर बार चकमा देकर भाग निकला। तीसरे प्रयास में साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई से रवि उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना 5 नवम्बर 2025 को कांसाबेल थाना क्षेत्र के ग्राम बटईकेला की है, जहां कियोस्क बैंक में दो बदमाशों ने लूट के इरादे से धावा बोला। संचालक शंभु कुमार से रुपयों की मांग की गई और विरोध करने पर उसके सिर पर कट्टे से हमला किया गया। इसी बीच शोर सुनकर शंभु की दादी, 70 वर्षीय उर्मिला बाई वहां पहुँचीं और विरोध करने लगीं, जिस पर एक आरोपी ने उर्मिला बाई पर गोली चला दी। जिससे उर्मिला बाई की मौत हो गई थी।

पहले तीन आरोपी जा चुके हैं जेल-घटना की जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही इस मामले में तीन आरोपियों रातु राम, पितुल राम और सितुल राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में पता चला कि इस लूट की पूरी साजिश जेल में तैयार की गई थी। मास्टरमाइंड रवि उरांव ही था, जिसने इस वारदात को अंजाम देने की पूरी योजना बनाई थी।

### दो बार चकमा दे चुका था पुलिस को

रवि उरांव की तलाश में पुलिस ने कई प्रयास किए। एक बार वह भेष बदलकर जशपुर कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचा था, लेकिन जैसे ही पुलिस को भनक लगी, वह स्कूटी से भाग निकला। जंगल में उसने कपड़े बदल लिए और अंधेरे का फायदा उठाकर निकल गया। दूसरी बार उसके गांव में घेराबंदी की गई, पर वह फिर निकल भागा। तीसरी बार पुलिस ने तकनीकी मदद और मुखबिरों के जरिए उसकी रांची में मौजूदगी की जानकारी हासिल की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आदतन अपराधी है रवि

पुलिस के अनुसार रवि आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ मनोरा क्षेत्र में बैंक लूट, और गुमला जिले में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है।

### साइबर सेल व पुलिस टीम को मिला इनाम

इस गिरफ्तारी में साइबर सेल निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, कांसाबेल थाना प्रभारी सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक नारायण सिंह, आरक्षक शिवचंद सहित कई पुलिस कर्मी ड्यूटी में शामिल थे। टीम सदस्यों को मिलेगा नकद इनाम9 आईजी सरगुजा रेंज दीपक झा ने सभी टीम सदस्यों को नगद इनाम देने की घोषणा की है। एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस ने पेशेवर तरीके से कार्रवाई करते हुए इस गंभीर और संवेदनशील मामले के मुख्य आरोपी को दबोचकर जनता का भरोसा फिर से कायम किया है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

जमीन विवाद में मृतका के गोद लिए पुत्र ने ही अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। सरसीवा पुलिस ने इस अधं कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दरअसल 15 जुलाई की रात मंझलीबाई पति स्व. साधराम खुंटे 80 वर्ष निवासी पण्ड्रीपाली रात्रि में खाना खाकर अपने कमरे में दरवाजा को बंद कर सोई थी। 16 जुलाई की सुबह लगभग 9 बजे तक कमरे से बाहर नही निकली तो गांव वालों ने दरवाजा खोला, तब उसकी लाश मिली।

इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया था। मर्ग हजांच व गवाहों के बयान में मंझलीबाई की मौत संदेहास्पद प्रतीत होने व पीएम रिपोर्ट के अवलोकन के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद संदेही भजनलाल कठौतिया, नोनीबाई कठौतिया, सावनदास मानिकपुरी व राजा कुर्रे निवासी पण्ड्रीपाली थाना सरसीवां को तलब कर पूछताछ करने पर पहले तो घटना कारित करने व घटना के बारे में जानने से इंकार किया गया, फिर कडाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी भजनलाल कठौतिया ने बताया मंझलीबाई आए दिन उसके नाम से थाना सरसीवां, एसपी कार्यालय एवं कलेक्टर सारंगढ में शिकायत करती रहती थी, जिससे वह और उसके परिवार के लोग काफी परेशान हो गये थेद। इसलिए उसने और उसकी पत्नी नोनीबाई ने मंझलीबाई को मारने का प्लान बनाकर गांव के राजा कुर्रे को 40 हजार रूपए में सुपारी दी। राजा कुर्रे अपने दोस्त सावनदास मानिकपुरी के साथ 15 जुलाई को रात्रि करीब 9 बजे आकर मंझलीबाई को गेरवा रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दिया और ये सभी मिलकर राजा कुर्रे का सहयोग किए। घटना को आत्महत्या करार देने के लिए उसके गले में पहनी हुई रेश्मी धागा में बंधी चाबी को हाथ में पहनी चुडी से फंसा दिया एवं दरवाजा को अंदर से बंद कर खिडकी से भाग गए ताकि किसी को शक न हो।



